# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–76/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

### राज्यपाल ने शहीद दिवस के अवसर पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**पटना 11 अगस्त, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में शहीद स्मारक परिसर, पटना में सात अमर शहीदों यथा– उमाकांत प्रसाद सिंह, रामानंद सिंह, सतीश प्रसाद झा, जगतपति कुमार, देवीपद चौधरी, राजेंद्र सिंह एवं राम गोविन्द सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने बिहार विधानमंडल परिसर में स्थित शहीद पार्क में अमर ज्योति के समक्ष भी पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गए। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

.......................................